# BPSC
# AE

## Previous Year Paper
### (General Hindi) Paper-II
### 18 Dec, 2024

# Test Prime

## ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

**70,000+** Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

**600+** Exam Covered

Previous Year Papers

**500%** Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

**ATTEMPT FREE MOCK NOW**

Adda247 GET IT ON Google Play

Booklet Serial No.

3005677

पुस्तिका शृंखला

**S**

**22/AE/CM/M–2024-02**

## प्रश्न–पुस्तिका

## सामान्य हिन्दी

## पत्र – II

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

| 2 | 0 | 0 | 2 | 4 | 4 |
|---|---|---|---|---|---|

समय : 01 घण्टा

पूर्णांक : 100

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें ।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. इस प्रश्न पुस्तिका में कुल 50 प्रश्न हैं ।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं
3. सभी प्रश्नों के उत्तर दें ।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको उत्तर पत्रक प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिया गया है । **अपने उत्तर पत्रक के निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक लिखें एवं कूटबद्ध करें तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा ।**
5. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न–पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पुस्तिका की जाँच कर देख लें कि प्रश्न पुस्तिका के ऊपर बायीं ओर मुद्रित शृंखला एवं उत्तर पुस्तिका पर मुद्रित शृंखला समान है । कृपया यह भी जाँच लें कि पुस्तिका में रफ कार्य हेतु दो पृष्ठ (पृष्ठ सं. 11 और 12) सहित पूरे 12 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ या प्रश्न–पुस्तिका एवं उत्तर पुस्तिका में मुद्रित शृंखला में अन्तर तो नहीं है । पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले इसी शृंखला की दूसरी सही पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. पत्रिका ले लें ।**
6. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें । प्रश्न–पुस्तिका पर और कुछ न लिखें ।
7. इस प्रश्न–पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर हिन्दी में मुद्रित हैं । प्रत्येक प्रश्न के चार उत्तर — (A), (B), (C) और (D) क्रम पर दिये गये हैं । उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक में अंकित करें । यदि आपको ऐसा लगे कि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर सही हैं, तो आप अपने उत्तर पत्रक में उस उत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक ही उत्तर चुनना है । आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर होगा ।
8. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **चार** वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं — Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ और Ⓓ । प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के केवल एक वृत्त को **काली/नीली स्याही के बॉल–पॉइन्ट पेन** से चिह्नित करना है । प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें । आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा । **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल–पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें । किसी भी प्रकार का काट–कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है ।**
9. प्रश्न–पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है । प्रश्न–पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें । **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें ।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न–पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है ।
10. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है ।
11. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक को अपनी उपस्थिति में Self Adhesive LDPE Bag में पूरी तरह से पैक/सील करवाने के उपरांत ही परीक्षा कक्ष को छोड़ें ।

Adda247
GET IT ON Google Play

31. आपके एक-एक शब्द तुले हुए थे ।

(A) आपकी एक-एक शब्द तुला हुआ था ।

(B) आपका एक-एक शब्द तुला हुआ था ।

(C) आपके एक-एक शब्द तुले हुऐ थे ।

(D) आपका एक-एक शब्द तूला हुआ था ।

32. प्रेमचंद ने पर्याप्त मात्रा में कहानी और उपन्यास लिखे ।

(A) प्रेमचंद ने पर्याप्त मात्रा में कहानी और उपन्यास लिखा ।

(B) प्रेमचंद ने पर्याप्त संख्या में कहानी और उपन्यास लिखे ।

(C) प्रेमचंद ने मात्रा पर्याप्त में कहानी और उपन्यास लिखे ।

(D) प्रेमचंद ने पर्याप्त संख्या में कहानी और उपन्यास लिखीं ।

33. आपकी दही बहुत खट्टी है ।

(A) आपका दही बहुत खट्टा है ।

(B) आपका दही बहुत खट्टी है ।

(C) दही आपकी बहुत खट्टी है ।

(D) आपकी दही बड़ी खट्टी है ।

34. यह लोग कहाँ रहते हैं ?

(A) कहां रहते हैं ये लोग ?

(B) ये लोग रहते कहाँ हैं ?

(C) ये लोग कहाँ रहते हैं ?

(D) रहते हैं कहां यह लोग ?

35. श्याम की माँ भारी दुःखी है ।

(A) श्याम की माँ घनघोर दुःखी है ।

(B) श्याम की माँ बहुत दुःखी है ।

(C) श्याम की माँ कुछ ज्यादा ही दुखी है ।

(D) श्याम की मां काफ़ी दुःखी है ।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 36 से 40 तक) :** निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों के लिए दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक शुद्ध शब्द चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

36. पांचवां

(A) पाँचवा

(B) पाँचवां

(C) पाँचवाँ

(D) पांचवाँ

Adda247 GET IT ON Google Play

निर्देश (प्रश्न संख्या 1 से 5 तक) : निम्नलिखित तद्भव शब्दों के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त तत्सम शब्द वाले विकल्प को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

1. पापड़

(A) पिषण

(B) पर्पट

(C) पिष्ठिका

(D) प्रापण

2. चना

(A) चर्वण

(B) चांच

(C) चणक

(D) चक्र

3. खेत

(A) क्षेत्रि

(B) खेत

(C) क्षोदन

(D) क्षेत्र

4. काढ़ा

(A) क्वाथ

(B) कटुक

(C) काष्ठा

(D) काश्ता

5. अँगूठा

(A) अंगुष्ठ

(B) आर्द्रक

(C) अनुत्थ

(D) अंगुष्ट

निर्देश (प्रश्न संख्या 6 से 10 तक) : निम्नलिखित वाक्य या वाक्यांशों के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन करके उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

6. घृणा किये जाने योग्य

(A) घृण्य

(B) घृणज

(C) निंदनीय

(D) घृणित



30056677 30056677 30056677 30056677

Adda247
GET IT ON Google Play

37. पुरष्कार

(A) पुरस्कार

(B) पुरसकार

(C) पुरषकार

(D) पुरुष्कार

38. प्रमाणिक

(A) प्रामणिक

(B) प्रामाणीक

(C) परमाणिक

(D) प्रामाणिक

39. प्रज्ज्वलित

(A) प्रज्ज्वलीत

(B) प्रज्ज्वलित्

(C) प्रज्वलीत

(D) प्रज्वलित

40. चारदीवारी

(A) चारदिवारी

(B) चहारदीवारी

(C) चाहारदिवारी

(D) चारदीवार

**निर्देश (प्रश्न संख्या 41 से 45 तक) :** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए चार विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करके उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

जो पुरुष फल की कामना रखकर काम आरंभ करते हैं, उन्हें फल जब निकट होता है, तब उनका उत्साह बढ़ जाता है और जब उन्हें फल दूर ज्ञात होता है तब उनका उत्साह कम हो जाता है। इस प्रकार उनके उत्साह में निरंतर अंतर आता रहता है। इसके विपरीत जो पुरुष फल की इच्छा न रखकर केवल काम करने को ही अपना कर्त्तव्य मानकर काम करने में जुट जाते हैं, उन्हें अपनी असफलता पर कोई दुःख नहीं होता और इस प्रकार उनके उत्साह में कोई अंतर नहीं आता

Adda247 GET IT ON Google Play

7. जिसे मोक्ष की कामना हो

(A) मुमुक्षु

(B) मुमूर्षु

(C) मुमूर्षा

(D) मुमुक्षू

8. किसी को जीतने की चाह

(A) जिजीविषा

(B) जिगीषा

(C) जिगीषु

(D) जिजीविषु

9. जल में विचरने वाले जीव

(A) जलज

(B) जलकर

(C) जलचर

(D) जलद

10. इंद्रियों को वश में रखने वाला

(A) इंद्रियनिग्रह

(B) इंद्रियातीत

(C) इंद्रजीत

(D) इंद्रियजित

**निर्देश (प्रश्न संख्या 11 से 15 तक) :** निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द दिए गए चार विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

11. जारज

(A) औरस

(B) अजारज

(C) विजाति

(D) संकर

12. वीर

(A) डरपोक

(B) कायर

(C) कमज़ोर

(D) अवीर

13. निर्लज्ज

(A) लज्जावान

(B) संकोची

(C) शर्मीला

(D) सलज्ज

Adda247 GET IT ON Google Play

45. किन लोगों को अपनी असफलता पर दुःख नहीं होता ?

(A) जो कर्त्तव्य भाव से काम करते हैं

(B) जो मजबूरी में काम करते हैं

(C) जो मनोरंजन के लिए काम करते हैं

(D) जो फल की कामना से काम करते हैं

**निर्देश (प्रश्न संख्या 46 से 50 तक) :** निम्नलिखित मुहावरों के लिए चार विकल्पों में से अर्थ की दृष्टि से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

46. अपना उल्लू सीधा करना

(A) अपनी ही बातें करना

(B) केवल अपना सहारा लेकर जीना

(C) अपनी दशा से संतुष्ट रहना

(D) अपना मतलब निकालना

47. दाई से पेट छिपाना

(A) क्रोध रोक लेना

(B) जानकार से बात छिपाना

(C) बड़ों से गरीबी छिपाना

(D) मूर्ख बनाकर ठग लेना

48. कन्नी काटना

(A) अड़चनें पैदा करना

(B) सब भेद खोल देना

(C) कतराकर निकल जाना

(D) धोखा देना

49. उँगली उठाना

(A) इशारा करना

(B) विरोध प्रकट करना

(C) व्यर्थ की बातें करना

(D) निंदा करना

50. कुछ उठा न रखना

(A) विपत्ति में पड़ना

(B) घटिया काम करना

(C) कोई कसर न छोड़ना

(D) जिम्मेदारियाँ पूरी कर लेना

Adda247
GET IT ON Google Play

14. क्रोध
(A) शांति
(B) कृपा
(C) क्षमा
(D) दया

15. आकाश
(A) धरती
(B) क्षितिज
(C) पाताल
(D) व्योम

30056777 30056777 30056777

**निर्देश (प्रश्न संख्या 16 से 25 तक) :** निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में रेखांकित शब्द से अर्थ की दृष्टि से सबसे उपयुक्त विकल्प वाले शब्द का चयन करके उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

16. भुजबल भूमि भूप बिनु कीन्ही ।
बिपुल बार महिदेवन्ह दीन्ही ॥
(A) ब्राह्मणों को
(B) राक्षसों को
(C) संन्यासियों को
(D) क्षत्रियों को

17. तुम मुझे पाए नहीं पहचान ?
देखते ही रहोगे अनिमेष !
(A) पलकें झुका कर देखना
(B) लज्जापूर्वक देखना
(C) मुस्कुराकर देखना
(D) एकटक देखना

18. अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी ।
(A) लिप्त
(B) बंधन
(C) रसयुक्त
(D) अलिप्त

19. किस दावानल की ज्वालाएँ हैं दीखीं ? कोकिल बोलो तो !
(A) पेट की आग
(B) जंगल की आग
(C) समुद्र की आग
(D) युद्ध की आग

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

और वह सदा एक-सा रहता है । इसलिए जब फल को चाहने वाले व्यक्ति को असफलता मिलती है तब वह दुःखी होता है और कर्म करने को ही अपना कर्त्तव्य मानकर कर्म करने वाले उत्साही को असफलता मिलती है, वह दुःखी नहीं होता और केवल उसकी वही दशा हो जाती है जो काम आरंभ करते समय थी । इस प्रकार यह निष्कर्ष निकलता है कि दूसरे प्रकार के मनुष्यों का उत्साह ही सच्चा उत्साह है और पहले प्रकार के मनुष्यों का उत्साह वास्तविक उत्साह नहीं है, वह भी एक प्रकार का लोभ कहा जा सकता है। जिस प्रकार लोभी मनुष्य को अपने उद्देश्य के न प्राप्त होने पर दुःख होता है, उसी प्रकार इन लोगों को भी असफल होने पर दुःख की प्राप्ति होती है । अतः इस उत्साह को लोभ कहना ही उचित है ।

41. उद्देश्य की प्राप्ति न होने पर कौन दुःखी होता है ?

(A) आलसी मनुष्य

(B) लोभी मनुष्य

(C) उत्साही मनुष्य

(D) मेहनती मनुष्य

42. फल निकट आने पर किसका उत्साह बढ़ जाता है ?

(A) जो कर्मासक्त भाव से काम करते हैं

(B) जो फल की कामना से काम करते हैं

(C) जो बेमन से काम करते हैं

(D) जो उत्साह से काम करते हैं

43. सफल या असफल होने पर किसके उत्साह में कोई अंतर नहीं आता

(A) लोभयुक्त उत्साही में

(B) फलासक्त उत्साही में

(C) सच्चे उत्साही में

(D) मेहनती मनुष्य में

44. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक होगा

(A) कर्त्तव्य

(B) असफलता और सफलता

(C) कर्म और लोभ

(D) उत्साह

Adda247 GET IT ON Google Play

20. जिसके अरुण-कपोलों की मतवाली सुंदर छाया में । अनुरागिनी उषा लेती थी निज सुहाग मधुमाया में

(A) प्रेम भरी गोधूली

(B) प्रेम भरी भोर

(C) विरहिणी सुबह

(D) संध्या वेला

21. फसल क्या है ?
लाख-लाख कोटि-कोटि हाथों के स्पर्श की गरिमा :

(A) हजारों

(B) असंख्य

(C) करोड़ों

(D) शत-शत

22. ऊधौ तुम हौ अति बड़भागी ।

(A) भाग्यवान

(B) मर्यादावान

(C) अभागा

(D) भगोड़ा

23. जौ खग हौं तो बसेरो करौं मिलि कालिंदी कूल कदंब की डारन ।

(A) तट

(B) सम्पूर्ण

(C) खानदान

(D) यमुना

24. बादल, गरजो ! घेर-घेर घोर गगन, धाराधर ओ !

(A) पवन

(B) जलद

(C) नीला

(D) आसमान

25. सुनहु राम जेहिं सिवधनु तोरा ।
सहसबाहु सम सो रिपु मोरा ।।

(A) लक्ष्य

(B) मित्र

(C) शत्रु

(D) संबंधी

Adda247 GET IT ON Google Play

निर्देश (प्रश्न संख्या 26 से 35 तक) : निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों के लिए दिए गए चार विकल्पों में से शुद्ध वाक्य वाले विकल्प को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

26. उसे कह दो कि भाग जाय ।

(A) उससे कह दो कि भाग जाय ।

(B) कहो उसे कि भाग जाय ।

(C) भाग जाय कह दो उससे ।

(D) कह दो उसे कि भाग जाय ।

27. साहित्य और जीवन का घोर संबंध है ।

(A) साहित्य और जीवन का घनघोर संबंध है ।

(B) साहित्य और जीवन का विकट संबंध है ।

(C) साहित्य और जीवन का घनिष्ट संबंध है ।

(D) साहित्य और जीवन का घनिष्ठ संबंध है ।

28. हमारे उपर पूज्यनीय पिताजी का आर्शीवाद है ।

(A) मेरे ऊपर पूज्यनीय पिताजी का आशीर्वाद है ।

(B) मेरे पर पूज्य पिताजी के आर्शीवाद हैं ।

(C) मेरे ऊपर पूजनीय पिताजी का आशीर्वाद है ।

(D) हमारे ऊपर पूजनीय पिताजी का आर्शिवाद है ।

29. ये सब काल-चक्र के पहिये के नीचे पिस गये ।

(A) सब वे काल-चक्र के पहिये से पिस गए ।

(B) वे सब कालचक्र के पहिये के नीचे दब गये ।

(C) वे सब काल-चक्र के नीचे पिस गये ।

(D) पिस गए वे सब काल-चक्र के पहिया से ।

30. यद्यपि वह पढ़ा लिखा है, परन्तु मूर्खता के कार्य करता है ।

(A) यद्यपि वह पढ़ा लिखा है तथापि मूर्खता का कार्य करता है ।

(B) यद्यपि वह पढ़ा लिखा है किंतु मूर्खता का कार्य करता है ।

(C) यद्यपि वह पढ़ा लिखा है फिर भी मूर्खता के कार्य करता है ।

(D) यद्यपि वह पढ़ा लिखा है लेकिन मूर्खता का कार्य करता है ।